JOURNEY OF INHP IN BALAGHAT

Quarterly Progress Report
July - Sept. 2008

Community Development Centre
Bhatera Chouki, Balaghat M.P. 481001
Ph. 07632-248585, Mob.- 09425822228
E mail - cdcindia@rediffmail.com
wedsite- www.cdcmp.org

CARE

एकीकृत पोषण और स्वास्थ्य परियोजना के क्रियांवयन यात्रा जो वर्ष 2002 में संस्था ने प्रारंभ की थी सितंबर 2008 में समाप्त कर रही है। बेशक यह परियोजना का समापन है पर हम महसूस करते हैं कि एक स्वैच्छिक संस्था होने के नाते हमारी जवाबदेही बढ़ गयी है क्योंकि भविष्य में इसके परिणाम तो हम ही देख पायेंगे।
संस्था विशेष रूप से केयर को धन्यवाद ज्ञापित करती है क्योंकि बालाघाट ऐसा जिला है जो आवागमन के लिए किसी भी बेहतर सुविधा से जुडा नहीं है नक्सल समस्या यहाँ है बहुत सी दानदाता विकासीय संस्थाओं के लिए बालाघाट प्राथमिकता की श्रेणी में नहीं है। पर तमाम समस्याओं को दरकिनार करते हुए इस जिले का चयन और कार्य करना वास्तव में उल्लेखनीय है।
संस्था इस अवसर के लिए आप सभी को धन्यवाद देती है हम याद करना चाहेंगे डा.वंदना जोशी और श्रीमती प्रदन्या पैठनकर को जिनके साथ हमने कार्य प्रारंभ किया था और प्रतिभा जी को जिनके मार्गदर्शन में इस परियोजना का समापन करने का अवसर प्राप्त हुआ। विगत दो वर्ष श्री शशिकांत जी के साथ कार्य करने का मौका मेरे और सी.डी.सी. टीम के लिए ,अविस्मरणीय रहा। अंत में श्रीमती जौली जॉन की भी संस्था आभारी है जिनके साथ प्रबंधकीय कार्य करने में संस्था को मदद मिली।



इस प्रतिवेदन के प्रस्तुतिकरण में कुछ बदलाव किया गया है जहाँ चित्रों के माध्यम से अपनी बातों को रखने का प्रयास किया गया है आशा है प्रतिवेदन में समाहित की गयी बातें ना सिर्फ तीन माह बल्कि आई.एन.एच.पी. तृतीय को परिलक्षित कर पायेंगी।

आशा है केयर के साथ संस्था का जुडाव किसी ना किसी रूप में बना रहेगा।

शुभकामनाओं सहित

अमीन चार्ल्स
निदेशक
सी.डी.सी.



बालाघाट जिले का विकासखंड बैहर जहॉ सितंबर 2008 तक सतत कार्य किया गया।

विकासखंड समन्वयक : करेंद्र बंसोड

ब्लाक स्तरीय बैठक	मुद्दे	परिणाम
• विकासखंड स्तरीय बैठकों में विगत तीन माह में निम्नलिखित मुद्दों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया जिसमें विशेष तौर पर सेक्टर स्तर पर विशेष प्रभाव देखने मिल रहे हैं । • संयुक्त बैठकों की तिथि निर्धारित कर बैठकों में स्वा. कार्यकर्ताओं की उपस्थिती • वेक्सीन सप्लाई को लेकर मांग के अनुसार वेक्सीन की सप्लाई की गई । • पॅहुच विहीन केन्द्र में टीकाकरण कार्य पूर्ण कराने के लिए केचअप राउण्ड में टीकाकरण कार्य किया जान सुनिश्चित किया गया । • जननी सुरक्षा जननी एक्सप्रेस के लिए संस्थागत प्रसव में बढोत्तरी। • डाटा की समीक्षा परियोजना अधिकारी व खण्ड स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा मांगे जाने लगी • कार्ययोजना बनाकर प्रोजेक्ट मुस्कान शिविर, स्वास्थ्य शिविर भ्रमण पत्रक के अनुसार महत्वपूर्ण गृहको की कार्ययोजना सेक्टर स्तर पर कार्य योजना बनाई गई। • सभी सेक्टरो में रोस्टर तैयार किया ।	• ब्लाक स्तरीय बैठक में पॅहुच विहीन केन्द्रो में विशेष तौर पर गढी कुकर्रा में टीकाकारण नही होना । • संयुक्त बैठको की तिथि सुनिश्चित कर संयुक्त बैठको का संचालन करना । • वेक्सीन सप्लाई एवं भ्रमण पत्रक के अनुसार भ्रमण । • प्रोजेक्ट मुस्कान एवं बाल संजीवनी अभियान की कार्य योजना बनाना । • समस्त सेक्टरों में रोस्टर तैयार कर रोस्टर के आधार पर पोषण स्वास्थ्य दिवस सुनिश्चित करना	• विकासखंड में नियमित रूप से दोनों विभागों में प्रत्येक माह संयुक्त बैठकों का संचालन किया जा रहा हैं जिसके परिणाम स्वरूप ब्लाक में छ सेक्टरों में संयुक्त बैठकों का संचालन नियमित हो रहा हैं सेक्टर स्तर पर संयुक्त बैठकों की तिथि निर्धारित हो रहा है। सेक्टर स्तर पर संयुक्त बैठकों की तिथि निर्धारित कर दी एवं रोस्टर तैयार कर ब्लाक में निर्धारित दिवस में पोषण स्वास्थ्य दिवस किया जा रहा हैं • पहुचविहिन केन्द्रो में केचअप राउण्ड में टीकाकरण कार्य किया जाने लगा। • समस्त स्वास्थ्य कार्यकर्ता व आगनबाडी कार्यकर्ता को भ्रमण कार्ययोजना के अनुसार संयुक्त भ्रमण की कार्ययोजना बनाई गई । • दोनो विभागों में समन्वयक स्थापित हुआ हैं एवं प्रोजेक्ट मुस्कान शिविरो, बाल संजीवनी अभियान में एक साथ कार्य योजना बनाई गई जिसके परिणाम स्वरूप 12वे बाल संजीवनी अभियान में 243 केन्द्रो में से 241 केन्द्रो में सफल टीकाकरण कार्य सम्पन्न किया गया । • जनपद की बैठक में समस्त सचिव एवं सरपंचो द्वारा केवलारी जत्ता मेढकी करवाही में पंचायतो ने पोषण एवं स्वा के विषय में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया । • मंगल कार्यक्रम में सहयोग एवं उपस्थिति बढने लगी हैं । • सचिव बैठक में सी.डी.पी.ओ. की उपस्थिति एवं पंचायतों को सुझाव दिया जा रहा हैं ।

विगत पॉच माह में विकासखंड स्तर पर सम्पन्न बैठक का विवरण

विषय	मई	जून	जुलाई	अगस्त	सितम्बर
खण्ड स्तरीय बैठक	**Yes**	**Yes**	**Yes**	**No**	**Yes**
निर्धारित तिथि पर बैठक का आयोजन	**Yes**	**Yes**	**Yes**	**No**	**Yes**
बैठक में स्वास्थ विभाग की उपस्थिति	**Yes**	**Yes**	**Yes**	**No**	**Yes**
सेक्टर समीक्षा	**Yes**	**Yes**	**Yes**	**No**	**Yes**
डाटा समीक्षा	**Yes**	**Yes**	**Yes**	**Yes**	**Yes**
सचिव मिटिंग	**Yes**	**Yes**	**Yes**	**Yes**	**Yes**

विकासखंड में अक्सर टीकाकरण सुविधा से छूटे जाने वाले केन्द्रों की सूची जहॉ केचअप राउन्ड के माध्यम से टीकाकरण किया जाता है।

सेक्टर	केन्द्र का नाम
भण्डेरी	मुरूक, भंडेरी कन्दई, 2 सरईटोला
गढी	संगारी, परसाटोला, समटिया, भालापुरी, बलगॉव, हीरापुर, नवलपुर, माना, लांजी नरघूटोला, डोगरीया, माना बिलाईखार, निवास झोलर, टोपला, कदला, आरमी, मोहरई, मुरेण्डा, अमरझेला सुखडी, छुई टोला, धनियाजोर, पोण्डी, अलना प्रथम अलना द्वितिय परसाटोला आमगहन पीपरटोला, परसामउ, हर्रा टोला, वाजबोन्दी सरईटोला चैतूटोला

- ब्लाक में 10 सेक्टरों में 243 केन्द्रो में आहार किट तैयार की गई एवं ग्रहभेंट के प्रयोग किया जा रहा हैं ।
- सेक्टरों में विधि प्रदर्शन कर स्थानीय आहार एवं फलो का प्रयोग सुनिश्चित किया गया।
- नई आगनबाडी कार्यकर्ता के द्वारा महत्वपूर्ण ग्रहभेंट रिकार्ड संचार सामग्री उन सभी गतिविधियों को भ्रमण के दौरान देखा गया।

विकासखंड में कार्यरत अन्य स्वयं सेवी संस्थाओं से नेटवर्किंग प्रयास

बैहर नारी उत्थान सेवा महिला मंडल	वैशाली संस्था
• बैहर में अन्य एन.जी.ओ. के साथ कार्य करने से एवं पोषण एवं स्वास्थ्य के विषय में विशेष तौर पर नारी उत्थान, (एस.एच.जी) समूह की बैठक में स्वास्थ्य व्यवहारो पर चर्चा की जा रही हैं ।	• इस संस्था का कार्य क्षेत्र समस्त पंचायतो में स्वच्छता अभियान के दौरान पंचायतो के साथ व्यवहारो में परिवर्तन एस.एचजी. स्वास्थ्य समिति के लोगो के साथ चर्चा एवं पंचायतो से आगे भी चर्चा की जायेगी । • स्व–सहायता समूह गढी, भण्डेरी, मे उनकी बैठको के माध्यम से अपनी बैठको में नियमित चर्चा करते रहने एवं आगे भी पोषण स्वास्थ्य पर चर्चा होती रहेंगी । • वैशाली संस्था नारी उत्थान कम्यूनिटी डेवलपमेन्ट सेन्टर बालाघाट के साथ एन.जी.ओ. के मुख्य के साथ स्व सहायता समुह के कार्यकर्ताओं के साथ पोषण एवं स्वास्थ्य के विषय में जागरूकता के लिए बैठको में जाकर पोषण के संबंध जानकारी दी गई जिससे अन्य संस्थाओं ने दिवाल लेखन के समूह के साथ चर्चा करना शुरू किया गया । • अन्य एन.जी.ओ. ने सभी कार्यकर्ताओं को पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए संस्थागत प्रसव व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से जागरूक कराने का प्रयास किया गया ।

गतिविधी	जुलाई	अगस्त	सितम्बर
खण्ड स्तरीय बैठक	Yes	Nil	Yes
निर्धारित तिथि	2-07-08	Nil	10-09-08
स्वा विभाग की उपस्थिति	Yes	No	Yes
आकडो की समीक्षा	Yes	No	Yes
सेक्टर समीक्षा	Yes	No	Yes
केचपराउण्ड कहॉ कहॉ चल रहे है।	Yes	No	Yes
वेक्सीन सप्लाई	Yes	Yes	Yes

ब्लाक स्तरीय गतिविधियॉं	
प्रोजेक्ट मुस्कान, विधि प्रदर्शन	
नई कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण	उद्देश्य • अति गंभीर कुपोषित बच्चो, गर्भवती महिला धात्री किशोरी, बालिका की स्वास्थ्य जॉच । • स्थानीय आहारो को प्रोत्साहन करना एवं आहार किट की तैयारी । • नई कार्यकर्ताओं को क्षमता वृद्धि करना ।
अपेक्षित परिणाम	• कुपोषण में 10 प्रति. कमी लाना व मातृ–मृत्यु, शिशु मृत्यु को कम करना । • ब्लाक स्तर पर तृतीय, चतुर्थ ग्रेड के बच्चो की जॉच कर निःशुल्क दवा वितरण किया गया । • समुदाय के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढी जैसे कि उपरी आहार शुरूआत, मात्रा, तेल का प्रयोग एवं समय पर टीकाकरण करना सुनिश्चित किया

विषय	बैहर	ऑमगॉव	बिठली प्रथम	बिठली द्वितीय	कुकर्रा प्रथम	कुकर्रा द्वितिय	भण्डेरी प्रथम	भण्डेरी द्वितिय	गढी प्रथम	गढी
केन्द्र	25	25	24	18	25	25	23	23	28	27
पोषण स्वास्थ्य दिवस का आयोजन	25	25	24	13	19	12	23	20	17	15
मातृ सहयोगनी का गठन	25	25	24	18	19	12	23	23	17	15
पंचायत की भागीदारी	03	05	05	–	05	03	06	05	06	12
बैठक में सत्र का आयोजन	हॉ	हॉ	हॉ	हॉ	हॉ	हॉ	हॉ	हॉ	हॉ	हॉ
संयुक्त बैठकों का आयोजन	प्रथम शनिवार	6 तारीख	4 तारीख	4 तारीख	9 तारीख	हॉ	7 तारीख	हॉ	9 तारीख	हॉ
केंद्र में सूचना संचार साम्रगी का प्रदर्शन	23	20	19	14	18	15	18	19	22	10
प्रपत्र का प्रयोग	हॉ	हॉ	हॉ	हॉ	हॉ	हॉ	हॉ	हॉ	हॉ	49
रिकार्ड	25	25	24	18	25	25	20	23	22	25
केंद्रों की ग्रेडिंग										
ए	05	08	08	03	04	02	04	04	07	02
बी	16	12	16	09	13	14	16	06	14	19
सी	04	05	–	06	08	09	03	13	07	06

सेक्टर बैठकें

- सेक्टर बैठकों का आयोजन में शिक्षा सत्रों के माध्यम से गढी बिठली बैहर आमगॉव में दोनों कार्यकर्त्ता के द्वारा सत्र एवं रोलप्ले किया जाता हैं जिससे नई ऑगनबाडी कार्यकर्ताओं में क्षमता वृद्धि देखी गई।
- भ्रमण अनुभव के आधार पर कुछ सेक्टरो में यह देखा गया कि भ्रमण के दौरान सेक्टर में बनी कार्य योजना के तहत बिठली बैहर, आमगॉव, दलदला, पोण्डी, सिववाघ, केवलारी, में संयुक्त भ्रमण देखा गया ।
- कुछ सेक्टरो में पोषण स्वास्थ्य दिवस के दिन स्वास्थ्य कार्यकर्ता के द्वारा बैहर आमगॉव में रोलप्ले करके स्तनपान पर बताया जा रहा हैं।
- संयुक्त बैठकों के द्वारा रिकार्ड मिलान करने पर रिर्पोटिंग में गुणवत्ता के आधार पर बिठली आमगॉव, बैहर, भण्डेरी, जानकारी देखी गई ।
- महिला बाल विकास पर्यवेक्षकों में मासिक प्रतिवेदन में पोषण स्वास्थ्य दिवस गतिविधियों का आयोजन संचार साम्रगी, रिकार्ड, कुपोषण की समीक्षा आकडों की समीक्षा जानकारी एवं ब्लाक स्तर की बैठकों के लिये मुद्दे निकालने का क्षमता विकास हुआ हैं । जैसे बैहर आमगॉव, बिठली,
- ग्रेडिंग करने से प्रत्येक केन्द्र में ग्रेडिंग लिखाया गया हैं जिससे केन्द्रो मे कार्यकर्ता का केन्द्र स्तर के कमियों का आकलन एवं सेक्टर की कमी के आधार पर पर्यवेक्षक का भ्रमण तेज किया जा रहा है। कुकर्रा, गढी. भण्डेरी आदि
- नवाचारों में गुणवत्ता लाने हेतु आमगॉव, बैहर, गढी बिठली, सेक्टरों में जीवन की आशा का प्रयोग अनिवार्य किया गया जिससे द्वितीय मंगलवार को ऑगनबाडी केन्द्रों जैसे सिगबांध सिनोरा दलदला में भ्रमण के दौरान देखा गया ।
- सेक्टर स्तर पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता की समीक्षा के दौरान पहुच विहिन केन्द्र पर विशेष टीकाकरण की कार्ययोजना बनाई जा रही हैं । एवं प्रत्येक माह केचअप राउण्ड में टीकाकरण किया जा रहा हैं । जैसे गढी, कुकर्रा
- सेक्टर बैठकों में कार्यकर्ताओं के साथ आशा कार्यकर्ता को जोडा जा रहा हैं जिससे संस्थागत प्रसव, टीकाकरण छूटे टोलो में सहयोग दिया जा रहा हैं ।

गतिविधियॉ	बैहर	आमगॉव	गढी	कुकर्रा	बिठली	भण्डेरी
स्तनपान	01	01	01	–	01	–
विधि प्रदर्शन	01	01	01	01	01	01
महिला जागृति शिविर	02	02	–	02	02	02
प्रोजेक्ट मुस्कान	01	01	01	01	01	01
वार्ड सभा	–	02	02	02	–	05
पंचायत बैठक	01	02	01	02	02	–
ग्रामसभा	01	01	–	–	–	03

विधि प्रदर्शन

- स्थानीय आहार को बढावा देना एवं आगनबाडी केन्द्र में आहार किट किचन गार्डन एवं गर्भावस्था नवजात की देखभाल पर तकनीकि सत्रो की आगनबाडी कार्यकर्ता में क्षमता विकास ।
- सभी सेक्टरो में विधि प्रदर्शन के माध्यम से सभी सेक्टरों में ऑगनबाडी केन्द्र भ्रमण के दौरान किट का प्रयोग कर आगनबाडी कार्यकर्ताओं ग्रहभेट के माध्यम से बैहर आमगॉव बिठली गढी, के आगनबाडी केन्द्रो में किया जा रहा हैं ।
- कुछ ऑगनबाडी केन्द्रो में किचन गार्डन लगाया गया हैं जिससे स्थानीय सब्जी एवं स्थानीय फलों का उपयोग हो सभी सेक्टरों में 03–03 केन्द्रों में किचन गार्डन तैयार किया गया छिन्दीटोला, करवाही, मेढकी, दलदला बम्हनी, परसवाड़ा आदि।

- विधि प्रदर्शन के माध्यम से 243 आगनबाडी केन्द्रों मे आहार किट तैयार की गई एवं ग्रहभेट के दौरान कुपोषित बच्चों के घरो में सत्तू का प्रयोग किया गया हैं ।
- केन्द्र भ्रमण के दौरान कुछ केन्द्रों में यह देखा गया कि बच्चों को मात्रा एवं गुणवत्ता के आधार पर ऊपरी आहार दिया गया भ्रमण के दौरान सोनपुरी, भण्डेरी, सरेखा, मोहबट्टा में देखा गया ।

ब्लाक एवं सभी सेक्टरो में विधि प्रदर्शन किया गया जैसे सेक्टर बिठली, कुकर्रा, गढ़ी बैहर, आमगॉव और भण्डेरी, जिसमें सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा आहार किट प्रसव किट तैयार की गई जिसके अनुसार कुपोषित बच्चों के लिए ग्रहभेंट सुनिश्चित की गई । आहार प्रदर्शन से बच्चों को दी जाने वाली खाने की मात्रा एवं गुणवत्ता को लेकर एवं गॉव स्तर पर सभी प्रकार की वस्तुओं का प्रयोग कर हितग्राहियों को समझाने के लिए नियमित आगनबाडी कार्यकर्ताओं की गृहभेट सुनिश्चित की गयी । विधि प्रदर्शन करने से कार्यकर्ताओं में महत्वपूर्ण ग्रहभेट किया जाने लगा हैं जिससे गॉव स्तर पर हितग्राहियों में जागरूकता एवं बच्चो के भोजन की मात्रा एवं गुणवत्ता पर ध्यान दिया जा रहा हैं। विशेष रूप से विधि प्रदर्शन के लिए द्वितीय मंगल कार्यक्रम के दौरान समझाईश एवं मात्रा गुणवत्ता की जानकारी दी जा रही हैं।

कार्यक्रम	उद्देश्य	गतिविधियॉ
स्तनपान सप्ताह	तुरन्त स्तनपान को बढावा देना एवं कुपोषण से जोडना ।	• कुछ केन्द्रों में भ्रमण एवं पोषण स्वास्थ्य दिवस के दौरान यह देखा गया कि स्वास्थ्य कार्यकर्ता /आगनबाडी कार्यकर्ता के द्वारा रोलप्ले के माध्यम से स्तनपान कराने का तरीका बताया गया । जैसे पिपरिया, मोहबट्टा, में भ्रमण के दौरान देखा गया । • स्तनपान को लेकर तकनीकि स्तर पर सेक्टर स्तर पर कार्यकर्ताओं को रोलप्ले के माध्यम से दिखाया गया जिसका परिणाम सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा केन्द्र में बताया गया हैं । • सभी सेक्टरो में दलवार स्तनपान की कार्ययोजना बनाकर स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा हैं ।
महिला जागृति शिविर		• महिला जागृति शिविरों के माध्यम से ऑगनबाडी केन्द्रों में हितग्राहियों के पास प्रसव योजना बनाई जा रही हैं जैसे करेली, कुकर्रा, छिन्दीटोला में हितग्राहियों के पास देखा गया । • सभी सेक्टरो में प्रत्येक माह महिला जाग्रति शिविरों के आयोजन कर ग्राम में हितग्राही को गर्भावस्था के दौरान देखभाल को सुनिश्चित किया गया । (बिठली, आमगॉव, बैहर, भण्डेरी,) में देखा गया । • महिला जागृति शिविर के दौरान संस्थागत प्रसव एव भ्रमण के दौरान यह पाया गया कि साफ नाल तुरन्त स्तनपान संस्थागत प्रसव हुये हैं ।
प्रोजेक्ट मुस्कान शिविर		प्रोजेक्ट मुस्कान शिविर के माध्यम से तृतीय चतुर्थ ग्रेड के बच्चो के पोषण आहार को नियमित रखकर उनके आहार अवलोकन पर सत्र, व्यवहारों पर प्रचार–प्रसार कर योजनाओं की जानकारी देकर एवं विधि प्रदर्शन के माध्यम से सुनिश्चित कर मंगल दिवस के आहार पर हितग्राहियों की समझ बनाने के लिए प्रेरित किया गया ।

पंचायत बैठकें	जनपद पंचायत में सरपंच सचिव की बैठकें
• ग्रामसभा, वार्डसभा के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर पंचो की उपस्थिति हो रही हैं • टीकाकरण नहीं होने पर जनपद पंचायत की बैठक परियोजना अधिकारी को बताया जा रहा हैं • महिला जागृति शिविर पोषण स्वास्थ्य दिवस में पंचो की उपस्थिति हो रही हैं भण्डेरी आमगॉव, बिढली कुकर्रा, आदि सेक्टरो में देखा गया हैं । • वार्ड सभाओं के माध्यम से टोलो मंजरो तक पहुच बनाने में सफल हुये हैं • आगनबाडी केन्द्रो के संचालन एवं केन्द्रो में बच्चो की उपस्थिति कुपोषित बच्चों के लिये सत्तू वितरण किया जा रहा हैं । • ग्राम पंचायतो में पोषण एवं स्वास्थ विषय पर ग्रामसभाओं का आयोजन किया जाने लगा है। • प्रत्येक विशेष ग्रामसभाओं में कुछ पंचायतो में पोषण एव स्वास्थ्य के मुद्दों पर चर्चा एवं महत्वपूर्ण निर्णय लेकर ऑगनबाडी को सहयोग दिया जा रहा हैं जैसे पिपरिया, मोहबट्टा ।	• जनपद की बैठक में जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जे.पी. राजोरिया एवं परियोजना अधिकारी सुश्री बी मेरावी के साथ माह में 1 बार प्रत्येक माह की 18 तारीख निश्चित की गई जिसमें ब्लाक के 56 पंचायत के सचिव एवं कुछ सरपंचो से ब्लाक की स्थितियों की समीक्षा की जाती हैं जिसमें मुख्य मुद्दो एवं नियोजित कार्य योजना बनाई गई जिसके मुख्य बिन्दू पर चर्चा किया गया। • विशेष ग्राम सभाओं में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा समस्त सचिवों को पोषण एवं स्वास्थ्य के विषय पर एजेण्डा निर्धारित किया गया । • जन्म मृत्यु की सूचना एवं रिपोर्ट आगनबाडी कार्यकर्ता हो माह की 30 तारीख को पंचायत को देने का निर्णय लिया गया परियोजना अधिकारी के द्वारा समस्त पर्यवेक्षकों को निर्देश दिये गये जिसका परिणाम कार्यकर्ताओं के द्वारा पंचायत को जानकारी दी जा रही है। • पॅहुच विहीन केन्द्र में ऑगनबाडी केन्द्रों का संचालन नहीं हो रहा हैं जिसे नोडल अधिकारियो को भ्रमण के अनुसार परियोजना अधिकारी को अनुभव से अवगत कराया गया। • ऑगनबाडी केन्द्रो के मंगल कार्यक्रम में सहयोग देने के लिए सभी सचिव को मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा आगनबाडी केन्द्रो में सहयोग की दृष्टि से सहयोग कर भ्रमण करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा गया । • मंगल कार्यक्रम में सहयोग एवं सचिव मिटिंग में चर्चा कर कार्ययोजना बनाई ।

विकासखंड समन्वयक के अनुभव

- ऑगनबाडी केन्द्रों के भ्रमण के दौरान यह देखा गया कि केन्द्रों में संचार सामग्री लगी थी मंगल कार्यक्रम नियमित गुणवत्ता पूर्वक देखा गया जो कि पिछले तीन माह के 21 आगनबाडी केन्द्रों में से 15 केन्द्रो में संचार सामग्री देखी गई।
- इन केन्द्रों के भ्रमण के दौरान व्यवहारों में परिवर्तन देखा गया, हितग्राहियों में यह पाया गया : तुरन्त स्तनपान, साफ नाल, नाल पे कुछ नही लगाया गया आदि ।
- कुल 21 केन्द्रों में पोषण स्वास्थ्य दिवस एवं मंगल कार्यक्रम मे पंचो की उपस्थिति एवं संयुक्त भ्रमण देखा गया सरेखा मोहबट्टा, दलदला, बिठली,।
- ऑगनबाडी केन्द्रों के भ्रमण के दौरान कुछ केन्द्र में संचार सामग्री एवं केन्द्रों में रिकार्ड अघतन अच्छा नहीं था। (मरारीटोला, जगला, पाथरी,)
- रिकार्डों की स्थितियॉ 8 केन्द्रो में अच्छा दिखायी दिया एवं फील्ड अनुभव के आधार पर ऑगनबाडी केन्द्रों में सुपरवाईजर के भ्रमण हुये हैं जिससे केन्द्रों की स्थितियों में सुधार हुआ । जिसका अनुभव फिल्ड के आधार पर सेक्टर मिटिंग में कार्यकर्ताओं को सुझाव दिया जा रहा हैं।

- भ्रमण अनुभव के आधार पर कुछ ऑगनबाडी केन्द्र महिला मंडल, मातृ सहयोगनी समिति पंचायतों को सक्रिय एवं ऑगनबाडी केन्द्रो में सहयोग करते हैं एवं ऑगनबाडी केन्द्रो में सहयोग प्रदान कर रहे हैं । जैसे मोहबट्टा सरेखा, दलदला, हुडकीटोला ।

<u>महिला बाल विकास विभाग समन्वय</u>

सुश्री मेरावी परियोजना अधिकारी बैहर के साथ आगनबाडी केन्द्र भ्रमण /सेक्टर मिटिंग के दौरान कमी एवं सुझाव को देखते हुये निम्न बिन्दुओं पर परियोजना अधिकारी के द्वारा ब्लाक में सुधार किये गये :–

- समस्त कार्यकर्ताओं की बैठक त्रिमासिक बैठकों का आयोजन सुनिश्चित किया गया ।
- समस्त सुपरवाईजर को प्रत्येक माह सी–ग्रेड के ऑगनबाडी केन्द्र में भ्रमण कर सेक्टर मिटिंग में उनके सुझाव परियोजना अधिकारी प्रतिवेदन प्रस्तुत करना ।
- ऑगनबाडी केन्द्र भ्रमण या सेक्टर मिटिंग में अनुपस्थित कार्यकर्ता को कारण बताओ नोटिस के माध्यम से सूचना दिया गया ।
- परियोजना अधिकारी के द्वारा बैहर परियोजना में वार्षिक कार्यक्रम रूपरेखा बनाकर प्रत्येक सेक्टरो में महिला जाग्रति शिविर, विधि प्रदर्शन, स्तनपान सप्ताह, का आयोजन किया जाने लगा हैं ।
- परियोजना अधिकारी द्वारा भ्रमण अनुभव एवं स्वयं के द्वारा 4–5 केन्द्रों का भ्रमण सुनिश्चित कर सुपरवाईजर को सुझाव दिया जा रहा हैं ।
- प्रत्येक माह ब्लाक और सेक्टर स्तर पर नवाचार गतिविधियॉ कर रही हैं एवं समय समय पर सहयोग दे रही हैं।
- टीकाकरण से छुटे केन्द्रो में टीकाकरण कार्य कराने के निर्देश सेक्टर पर्यवेक्षक को दिये गये एवं समीक्षा बैठक में पुनरावलोकन किया गया ।
- पहुच विहिन केन्द्रों के केचअप राउण्ड में टीकाकरण कार्य सुनिश्चित कर एक टीम तैयार कर गढी प्रथम द्वितीय कुकर्रा, भण्डेरी में यह कार्य सुनिश्चित कराया गया ।
- ए.एन.सी. और पी.एन.सी. जॉच के लिए सेक्टर स्तर पर ब्लाक मेडिकल आफिसर द्वारा जॉच शिविरों का आयोजन किया गया ।

उत्तरप्रदेश की आई.एन.एच.पी. टीम का बालाघाट अध्ययन भ्रमण

दिनांक 03.09.08 को ग्राम भण्डेरी में उत्तर प्रदेश एन.जी.ओ. संचालक व केयर कार्यक्रम अधिकारी का भ्रमण हुआ जिसमें भ्रमण के दौरान उनकी प्रतिक्रिया इस प्रकार रही :

- ऑगनबाडी केन्द्र सरेखा मोहबट्टा भ्रमण करने के बाद समूह ने पी.आर.आई प्रतिनिधियों के साथ और साज सज्जा सरपंच पंचो का सहयोग एवं मातृ सहयोगनी समिति के सदस्य के लिये सभी तथ्य रहे सहयोग बहुत अच्दा रहा है।
- ऑगनबाडी कार्यकर्ताओं की बैठक में एन.जी.ओ. टीम के साथ कार्यकर्ताओं की क्षमता विकास एवं आहार किट, प्रसव किट, कार्यकर्ताओं की पहचान करने के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण ग्रहभेट करना किचन गार्डन की तैयारी बहुत अच्छी लगी उत्तरप्रदेश टीम ने समुदाय में हुए व्यवहार परिवर्तन के अवलोकन करने हितग्राहियो के घरो में ग्रहभेट किया गया ।
- चर्चा के दौरान रिपोटिंग, प्रपत्र भ्रमण, गतिविधियों को परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया ।

जिला स्तर पर सहयोगी वातावरण

ग्रेडिंग : एकीकृत पोषण एवं स्वास्थ्य परियोजना के दौरान ब्लाक स्तर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा ब्लाक में ग्रेडिंग के 9 बिन्दूओं पर ग्रहण रूप से विस्तृत कर सेक्टर स्तर पर सुपरवाईजर को ग्रेडिंग कराने के लिए जिला परियोजना अधिकारी के द्वारा प्रदान किया गया जिसके फलस्वरूप ब्लाक के ग्रेडिंग कार्य किया गया ।

विशेष ग्रामसभा : समस्त जनपद पंचायतो में विशेष ग्रामसभाओं के आयोजन में पोषण एवं स्वास्थ्य मुद्दो को शामिल कराने के लिये जिला पंचायत, मुख्यकार्यपालन अधिकारी के द्वारा पत्र जारी किया गया जिसके समस्त जनपद पंचायतो में केयर के माध्यम से विषय को शामिल कर ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया ।

संयुक्त बैठक : जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कार्यक्रम अधिकारी के माध्यम से समस्त ब्लाक में संयुक्त बैठक कर ब्लाक के चर्चा के बिन्दु तैयार कर जिले में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये साथ ही संयुक्त बैठको की तिथि कर बैठक नियमित कराने के लिए मेडिकल आफिसर/परियोजना अधिकारी को ब्लाक स्तर पर पत्र जारी किये जिसमें माध्यम से संयुक्त बैठके एवं सेक्शन बैठक हो रहे है।

ब्लाक स्तरीय बैठक : ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण के लिये जिला परियोजना अधिकारी के द्वारा पत्र जारी कर सुपरवाईजर के साथ प्रशिक्षण का आयेाजन किया गया ।

परिणाम आधारित कार्ययोजना

- ग्रेडिंग के आधार पर कमजोर केन्द्रो का चिन्हित कर सुधार किया गया ।
- कमजोर केन्द्र व सेक्टर बैठको में महिला बाल विकास/स्वास्थ्य विभाग सुपरवाईजर के साथ भ्रमण किया गया ।
- कमजोर सेक्टर पर विधि प्रदर्शन महिला जागृति शिविर के माध्यम से आगनबाडी कार्यकर्ता व मातृ सहयोगनी समिति व महिला मण्डल की क्षमता विकास किया गया ।
- ब्लाक स्तर पर कार्यकर्ता की क्षमता विकास हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण ।
- केन्द्र भ्रमण अनुभव को ब्लाक पर परियोजना अधिकारी सेन्टर स्तर पर पर्यवेक्षक से कमियॉ निकाली गई कमियों को दूर करने के लिये कार्य योजना बनाई गई
- सेक्टर स्तर पर नियमित संयुक्त बैठको में वार्षिक कलेण्डर के माध्यम से सत्रो का आयोजन एवं मांग पत्र का उपयेाग सुनिश्चित करना ।
- रोस्टर प्लान के आधार पर पोषण स्वास्थ्य दिवस संचालन ।
- ग्राम सभा /वार्डसभा पंचायत बैठको के माध्यम से पंचायतो की सक्रिय किया गया ।
- महिला बाल विकास /हेल्थ दोनो विभागो के मध्य आपसी समन्वय स्थापित किया गया ।

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के द्वारा ब्लाक स्तर पर ब्लाक को बहुत सारे लाभ मिले हैं जिसमें विशेष तौर पर टीकाकरण वेक्सीन सप्लाई संस्थागत प्रसव केचअप राउण्ड में टीकाकरण कार्य में मदद् मिली । विभिन्न कार्यक्रम के दौरान पॅहुच विहीन केन्द्रो में टीकाकरण कार्य कराने के लिये केचअप राउण्ड में टीकाकरण कार्य कराने स्वा. सेवाऍ उपलब्ध कराई गई जिससे बिठली , कुकर्रा, प्रथम,द्वितीय, गढ़ी में प्रथम द्वितिय में 100 प्रतिशत टीकाकरण कार्य सम्पन्न हो सका, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन से दौरान संस्थागत प्रसव में बढोत्तरी के लिये जननी एक्सप्रेस वाहन की व्यवस्था के अनुसार विशेष तौर पर ब्लाक में संस्थागत प्रसव में बढोत्तरी हुई हैं । वेक्सीन सप्लाई को लेकर जिला से ब्लाक तक वेक्सीन की सप्लाई में सुधार हुआ है।

विभागीय सहयोग

महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ हमेशा से सहयोग मिला मेडिकल आफिसर के द्वारा संयुक्त बैठको में तिथि निर्धारित कर सेक्टर की समस्या का समाधान सेक्टर स्तर पर ही समाधान कराने का निर्णय मेडिकल आफिसर के द्वारा किया गया जिससे सभी प्रकार के कार्यो में सहयोग मिला ।

महिला बाल विकास के साथ महिला जागृति शिविर, बाल संजीवनी अभियान ब्लाक स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठको के आयेाजन एवं भ्रमण अनुभव सेक्टर मिटिंग के अनुभव के साथ ब्लाक की स्थितियों का आकलन कर सहयोग किया गया ।

खण्ड दण्डाधिकारी महोदय, के साथ हमेश संयुक्त बैठक की तारीख निश्चित कर दोनो को सहयोग कर समीक्षा करके सभी कार्यकर्ताओं को संचेत कर टीकाकरण कार्य, केन्द्रो के संचालन, एवं सभी स्वास्थ्य सेवाऐं केा सरल बनाने में सहयोग दिया गया ।

केयर का सहयोग . खण्ड स्तर पर

ब्लाक बैहर में खण्ड स्तरीय संयुक्त बैठक के लिये सहयोग सराहनीय रहा हैं चूॅकि ब्लाक में संयुक्त बैठक व ऑगनबाडी कार्यकर्ता/हेल्थ दोनों की बैठक प्रत्येक माह नहीं हो रही थी इसके लिए जिला स्तरीय बैठक से कार्य योजना का फॉलोअप करने पत्र जारी करने का निर्णय लिया गया जिसके परिणाम स्वरूप मेडिकल आफिसर के द्वारा बैठक सुनिश्चित तारीख तय किया गया प्रत्येक माह बैठक का आयोजन किया गया ।

सेक्टर स्तरीय बैठक : सेक्टर मिटिंग कराने एवं सेक्टर स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में रिपोटिंग चर्चा, सत्रो के आयोजन किस तरह संचालन करना एवं सुपरवाईजर को रिपोटिंग कार्य को सम्पादन कराने के लिये सहयोग मिला । सेक्टर मिटिंग में से ब्लाक के लिये किस तरह मुद्दे निकालना सिखाया गया

विशेष तौर सेक्टर को किस तरह मजबूत कराने के लिये ग्रडिंग विधि प्रदर्शन महिला जाग्रति शिविर के आयोजन से सहयोग मिला ।

दस्तावेजीकरण : रिपोटिंग कार्य में डी.एम.पी.आर, पोषण स्वास्थ्य दिवस, ब्लाक स्तरीय रिपोटिंग कार्य में बहुत अधिक सीखने मिला जिससे हमारे कार्य में विकास हुआ एवं प्रशासन को मजबूत करने में मद्द मिली ।

चुनौतियॉ :

- व्यक्तिगत रूप से प्रशासन के साथ समन्वय बनाने के लिए चुनौतियॉ थी ।
- पॅहुच विहिन क्षेत्रो में भ्रमण करना अपने आप में एक चुनौती है।
- परियोजना अधिकारी/मेडिकल आफिसर के साथ समन्वय स्थापित करने में ।
- स्वास्थ्य विभाग की सेवाओं को टोलो मंजरो तक पहुचना मुश्किल था।
- पंचायतो में पोषण एवं स्वास्थ्य के मुद्दे को स्थायी रूप में समाहित कराना ।
- बैगा जनजाति के व्यवहारो में परिवर्तन के लिये किये जाने वाले प्रयास काफी कम थे।



बालाघाट जिले का विकासखंड लांजी जहाँ सितंबर 2008 तक सतत कार्य किया गया।

विकासखंड समन्वयक : लखन टेंभरे

Phase Out Blocks

Photographs Of Closer Meetings

BLAC

ICDS Monthly Meeting

DLAC

विकासखंड लांजी

खण्ड स्तरीय आकलन

क्र.	गतिविधियॉ	जुलाई	अगस्त	सितम्बर
1.	खण्ड स्तरीय बैठक	Yes	Yes	Yes
2.	बैठक की निधारित तिथि	Day	Yes	Yes
3	स्वास्थ्य विभाग की उपस्थिति	Yes	Yes	Yes
4	आंकडो की समीक्षा	Yes	Yes	Yes
5	कैचप राउण्ड	Yes	No	No
6	वैक्सीन सप्लाई रिवाईस ए.एम.एम. द्वारा	Yes	Yes	Yes
7	समीक्षाऍ	Yes	Yes	Yes
8	सेक्टर बैठकों की समीक्षा	Yes	Yes	Yes
9	सचिव बैठकों का आयोजन	Yes	Yes	No
10	ग्रेडिंग समीक्षा	Yes	No	Yes
11	दल नेता	Yes	No	No

विकासखंड के स्वास्थ्य एंव पोषण के मुद्दे और की गयी कार्यवाहियॉ

- महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा खण्ड स्तरीय बैठक का नियमित आयोजन हो रहा हैं जिसमें टीकाकरण, संयुक्त ग्रहभेंट, व्यवहारों की समीक्षा की जाती हैं एवं आई.सी.डी.एस./हेल्थ द्वारा कार्ययोजना तैयार की जाती हैं केचप राउण्ड को कार्ययोजना में शामिल किया जाता है ।
- महिला बाल विकास द्वारा जनपद पंचायत स्तर पर हस्तक्षेप से ग्राम सभाओ में पोषण एवं स्वास्थ्य मुद्दों को एजेण्डा में शामिल किया जा रहा है।
- खंड स्तरीय सचिव बैठकों में लगातार पोषण स्वास्थ्य मुद्दों को रखा गया ।
- ब्लाक स्तरीय, पर ग्रेडिंग समीक्षा किया जाता है। जिससे संस्थागत प्रसव अधिक हो रहे हैं । कारंजा, काकोडी, भानेगॉव, ककोडी, पालडोंगरी, सेक्टर में सुपरवाईजर द्वारा डाटा, ग्रेडिंग एवं आगामी कार्ययोजना तैयार की जाती हैं ।
- ब्लाक स्तरीय पर ऑगनबाडी कार्यकर्ता की 3 माह में समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाता हैं जिसमें मंगल दिवस आहार समीक्षा, कुपोषित बच्चों तृतीय व चतुर्थ को बाल पोषण पुर्नवास योजना से जोडने हेतु प्रयास किया जाता है।
- आशा को मुख्य धारा में जोडने हेतु प्रथम रविवार माह में एक बार कार्यो की समीक्षा स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जाता है।
- समस्त सेक्टर पर तृतीय शनिवार को बैठकों का संयुक्त रूप से आयोजन किया जाता है।
- ऑगनबाडी कार्यकर्ता की ट्रेनिंग एवं शिविरों में (महत्वपूर्ण ग्रहभेट सामूदायिक चार्ट नक्शा, विधिप्रदर्शन) अनिवार्यत करवाया जाता है।

ब्लाक स्तरीय गतिविधियॉ : परिणाम

- खण्ड स्तरीय बैठक होने से सेक्टर बैठकों का आयोजन हो रहा हैं जिसमें तृतीय शनिवार को बैठक का आयोजन किया जा रहा हैं ।
- प्रत्येक तीन माह में कैचप राउण्ड की कार्य योजना तैयार किया जाता हैं जिसके परिणाम स्वरूप लांजी बहेला सेक्टरो के 21 ग्रामो में टिकाकरण टीम वर्क में किया जाता हैं ।
- दोनों विभागों का समन्वय में सुधार आया हैं एक साथ गतिविधियों का आयोजन करते हैं मुस्कान शिविर, संयुक्त ग्रहभेट विधि प्रदर्शन महिला जागृति शिविरो का आयोजन हो रहा हैं ।
- खण्ड स्तरीय बैठक में पोषण स्वास्थ्य दिवस की समीक्षा दौरान मंगलवार को महिला बाल विकास द्वारा बैठक नही रखने के लिए खण्ड स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा पत्र परियोजना अधिकारी को दिया गया है। अब किसी सेक्टरो में मंगलवार को बैठक नही रखी जाती हैं ।
- दोनों विभाग द्वारा बाल संजीवनी की कार्य योजना तैयार की जा रही हैं एवं कार्य योजना अनुसार अभियान में स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा ही विटामीन ए पिलाया जाता हैं ।
- बाल संजीवनी अनुसार जुलाई माह में कुपोषित बच्चों की समीक्षा की गई जिसका निष्कर्ष निकला 135 बच्चों को जो तृतीय व चतुर्थ ग्रेड के हैं को सेक्टर वार प्रत्येक सप्ताह 3 बच्चों को पोषण पुर्नवास केन्द्र में भिजवाया जाये तथा ककोडी कालीमाटी पालडोंगरी में 30 बच्चो का वजन बड़ा हैं देखा गया ।
- ग्रेडिंग समीक्षा कर महिला बाल विकास द्वारा पंचायत का सहयोग बढ़ाने के लिए परियोजना अधिकारी. द्वारा पंचायत विभाग को अगस्त माह की ग्राम सभाओं के एजेण्डा में पोषण स्वास्थ्य मुद्दों पर चर्चा करने हेतु पत्र मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भेजा गया जिसमें पालडोंगरी बिसोनी कटंगी, कालीमाटी डुल्हापुर, ककोडी टेडवा में प्रभाव देखा गया ।
- ब्लाक स्तरीय आगनबाड़ी कार्यकर्ता की ट्रेंनिग में महत्वपूर्ण ग्रहभेट सामुदायिक चार्ट टीकाकरण, विधि प्रदर्शन एवं सहयोग हेतु मातृ सहयोगनी समिति, पंचायत की भागीदारी बढाई गई जिसमें कुल्पा कोचेवाही कटंगी पाथरगॉव सिहारी पालडोंगरी लाडसा, नल्हेझरी, में आगनबाडी गतिविधिया को लेकर सुधार देखा गया ।
- ब्लाक स्तर पर टीकाकरण में सहयोग बढ़ाने हेतु माह के प्रथम रविवार को आशा कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन स्वयं खण्ड स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा किया जा रहा हैं टीकाकरण पर सभी आशाओं की उपस्थिति बड़ी हैं ।
- ब्लाक स्तर पर पर्यवेक्षको द्वारा भ्रमण अनुभवो को सी.डी.पी.ओ. द्वारा अनुशंसा कर आगनबाडी की स्पष्टीकरण लेकर भेजा जा रहा हैं, जिसमें केन्द्रों का संचालन अच्छा हो रहा है।
- ब्लाक स्तरीय सचिव बैठक में सतत् प्रयासों द्वारा बैठक में पोषण स्वास्थ्य मुद्दों को रखने से पंचायत की जवाबदेही कोचेवाही, लोडमा, घोटी, नन्दौरा, कालीमाटी, मनेरी, देवलगॉव, में पंचायत द्वारा सेवा प्रदाताओं का आकलन किया जाने लगा सिगोंला में गर्भवती महिला को राष्ट्रीय रोजगार गांरटी के तहत प्रसुता का लाभ दिया गया ।

अन्य एन.जी.ओ.	अपहुच क्षेत्र	ऑगनबाडी केन्द्र भ्रमण
• लांजी ब्लाक में ब्लाक समन्वयक द्वारा पोषण स्वास्थ्य पर समझ वाटर सेड समिति नन्दोरा, सारदा एस.एच.जी. घोटी, एवं जनपद पंचायत व मोस्ट संस्था के कार्यक्रमों के साथ किया गया एवं साथ ही मुस्कान, सदभावना शिविर विधि प्रदर्शन व क्षेत्रीय प्रचार प्रसार निदेशालय के योजनाओं की जानकारी में 3 दिवस शिविरो संवाद प्रदर्शन की चल चित्र एवं नुक्कड नाटक में सहयोग दिया गया । • माह अगस्त में ग्राम, देवरबेली, बाटी कोपेवाही बिसोनी सोगलपूर बडगॉव मोहारा दहेगॉव सावरी खुर्द भूरसा डोंगरी कालीमाटी पालडोंगरी देवलगॉव में सूचना प्रसार निदेशालय को सहयोग किया गया ।	• लांजी सेक्टर में 11 अपहुच क्षेत्रों में कमियॉ हैं बहेला सेक्टर में अपॅहुच केन्द्र कम हैं नर्फी मलकुआ कटीपार पाडरी पराडी सितापला, नेवरवाही कुरादेही खुमार देही मण्डीपार सतोना बिद्री करादेही में केचप राउण्ड में टीकाकरण कार्य होता हैं । • पेट की जॉच एवं रक्तचाप : भनेरी ककेरी कुम्हारीखुर्द सावरीकला डोरली में रोस्टर अनुसार नही होती हैं ।	• अनौपचारिक बच्चो की उपस्थिति 50 प्रतिशत से लेकर 70 प्रतिशत तक है। । • मंगल दिवस का आयोजन 40 प्रतिशत केन्द्रो पर गुणवत्ता पूर्ण हैं। • किचन गार्डन कारंजा, मोहारा जूनेवानी नस्कटा घोटी दिघोरी जैतवारा मोहझरी में देखा हैं • परिवर्तकर्ता प्रदर्शन केन्द्र के साथ साथ मोहारा लोहारा सावरी खुर्द में सक्रिय हैं । • व्यवहारो की स्थिति में संस्थागत प्रसव, प्रसव योजना, बच्चों को नही नहलाना, नाल पर कुछ नहीं लगाना, उपरी आहार की शुरूआत हुई हैं ।

विभागों के साथ समन्वय :

- आगनबाड़ी भ्रमण दौरान अनुभवो को लेकर परियोजना अधिकारी एवं खण्ड स्वास्थ्य अधिकारी को सुझाव पत्र समन्वयक द्वारा दिया जाता हैं जिसमें इस माह की गतिविधियॉ आगनबाडी केन्द्रो की कमियॉ एवं अच्छाईयो को रखा जाता हैं इसको लेकर सी.डी.पी.ओ. द्वारा कुछ निर्णय लिये जाते है। जिस पर प्रर्यवेक्षो को निदेर्शित कर सुझाव द्वारा सुधारने के प्रयास जैसे संयुक्त भ्रमण स्पष्टीकरण, सेक्टर बैठको में समीक्षा की जाती थी प्रभाव इस प्रकार हैं । पाथरगॉव कोचेवही बापडी वारी नन्दौरा सिहारी कुम्हारी खुर्द भानेगॉव, मोहझरी में सुपरवाईजर भ्रमण किया गया बडगॉव कारंजा सिधोला लोडमा देवलगॉव में आगनबाडी स्वास्थ्य कार्यकर्ता बैठक द्वारा रिकार्ड मिलान हुआ हैं लोडमा दुल्हापुर ककोडी जूनेवानी चिखलामाली डोरली अमेडा व सावरी खुर्द जामूनटोला में संयुक्त ग्रहभेट हुआ हैं ।

व्यवहार समीक्षा :

- भ्रमण प्रपत्र अनुसार अलग अलग हितग्राही से मिलने एवं पोषण स्वास्थ्य दिवस पर हितग्राही का साक्षात्कार करने पर व्यवहारो की स्थितियों का आंकलन किया जाता हैं इन आकडो को बी.एल.ए.सी. में प्रस्तुत किया जाता हैं एवं ग्रेडिंग अनुसार केन्द्र की सूची बनाकर कमजोर केन्द्रो की पहचान कर सेक्टर की पहचान कर सेक्टर बैठको में इस आगनबाडी कार्यकर्ता भ्रमण संयुक्त ग्रहभेट दलवार गतिविधियॉ एक शिविरो का आयोजन एवं आगनबाडी का क्षमता विकास हेतु अन्य गतिविधियॉ शिक्षासत्रो रोलप्ले प्रश्नोत्तरी द्वारा किया जाता हैं।

सेक्टर स्तरीय आंकलन

क्र.	गतिविधियॉ	लांजी	ककोड़ी	भानेगॉव	पाल डोंगरी	बहेला	कालीमाटी	कास्बा
1	आगनबाडी संख्या	37	27	23	27	20	22	32
2	संयुक्त बैठक	No	Yes	Yes	Yes	Yes	Yes	Yes
3	शिक्षा सत्र का आयोजन किया जाता है।	No	Yes	Yes	Yes	Yes	Yes	Yes
4	आंगनवाडी केंद्र प्रपत्र का उपयोग	Yes	Yes	Yes	Yes	Yes	Yes	Yes
5	पोषण स्वास्थ्य दिवस	32	27	22	27	17	22	32
6	पंचायत एवं सामुदायिक सदस्य	03	07	05	11	11	08	04
7	ग्रहभेट	30	27	23	18	20	20	28
8	आंगनवाडी केंद्र के रिकार्ड अद्यतित पाये गये।	20	23	18	17	13	15	25
9	संचार सामग्री	18	22	19	26	19	18	11
10	आंगनवाडी केंद्रों की संख्या ग्रेड के अनुसार							
10.1	A	12	12	10	15	12	11	14
10.2	B	14	8	05	06	05	06	12
10.3	C	11	7	04	06	03	05	06

सेक्टर स्तर :

- 6 सेक्टर में ककोडी, भानेगॉव, कालीमाटी, पालडोंगरी, कारंजा, बहेला, निधारित तिथियों पर बैठक का आयोजन होता है।
- बैठको में सत्रो का आयोजन ककोडी भानेगॉव बहेला कालीमाटी में नियमित होता हैं ।
- प्रत्येक सेक्टर में आगनबाडी में ग्रेड अंकित किया गया है। ।
- संयुक्त बैठक दौरान (कार्ययोजना सेक्टर वार दलवार ग्रहभेट) बनायी जाती हैं ककोडी पालडोंगरी भानेगॉव लांजी कालीमाटी में पोषण आहार सप्ताह स्तनपान दिवस महिला जागृति, कमजोर आगनबाडी में ग्रहभेट दलवार किया जाता हैं दुल्लापुर कालीमाटी इटोरा खजरी टेडवा देवरबेली कुम्हारी खुर्द मोहझरी कारंजा साडरा, दहेगॉव, रिसेवाड़ा में कार्यक्रम आयोजित किया गया ।
- तकनीकि स्तर की जानकारी हेतु विधि प्रदर्शन का आयोजन 07 सेक्टर में किया गया ।
- भ्रमण के दौरान भ्रमण प्रपत्र का उपयोग क्रमशः भानेगॉव कालीमाटी पालडोंगरी, लांजी, पर्यवेक्षकों द्वारा प्रयोग किया जा रहा हैं ।
- नवाचारो एवं व्यवहारो की गुणवत्ता पर सेक्टर बैठको में भानेगॉव, ककोडी में समीक्षा जिसमें सुपरवाईजर द्वारा जीवन की आशा को विशेष प्राथमिकता दिया गया हैं ।
- सेक्टर स्तर पर आगनबाडी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा रिकार्ड मिलान किया गया ।
- आशा कार्यकर्ता का ककोडी में सेक्टर बैठको में उपस्थिति ।
- मातृ सहयोगनी समिति की सक्रियता भानेगॉव लांजी में बैठको में क्षमता विकास किया ।
- शिशु मृत्यु संस्थागत प्रसव, सेवाओं योजनाओं संबंधित आकडों की पहचान कर कमजोर केन्द्र पर ककोडी, भानेगॉव, बहेला में भ्रमण सुनिश्चित किया जा रहा हैं । सावरी खुर्द चिखलामाली कोचेवाही, डोगरगॉव में किया गया ।
- रोस्टर समीक्षा करना एवं अपहुचहीन क्षेत्रो मैं टिकाकरण के लिए कार्ययोजना बनाना ।

विकासखंड में सम्पन्न अन्य गतिविधियॉ / कार्यक्रम

गतिविधियॉ	लांजी	भानेगॉव	ककोडी	पालडोंगरी	कालीमाटी	कारंजा	बहेला
सदभावना शिविर	01	01	01	01	01	00	01
स्तनपान सप्ताह	01						
महिला जागृति	01	01	01	01	01	01	निरंक
मुस्कान शिविर	01			01	01	01	01
पंचायत बैठक	–	02	01	–	–	01	01
ग्राम सभा	01	–	01	02	–	–	–
वार्डसभा	01	01	01				

- सेक्टर बैठकों के आयोजन में शिक्षा सत्र रोलप्ले एवं प्रश्नोत्तरी कर ऑगनबाडी की क्षमता विकास किया गया जिसके परिणामस्वरूप कालीमाटी कारंजा ककोडी सेक्टर में प्रतिदिन आगनबाडी केंद्रों द्वारा प्राप्त होने वाली सेवाओं में गुणवत्ता दिखायी देती है।
- भ्रमण अनुभव में देखा गया कि कार्ययोजना अनुसार संयुक्त ग्रहभेट किया जा रहा है। जिसमें जूनेवानी दुल्लापुर नस्कट्टा के टोलो पर भ्रमण कर संस्थागत प्रसव बढ़ाया गया ।
- संयुक्त बैठक द्वारा रिकार्ड मिलान करने पर रिकार्डो में गुणवत्ता पालडोंगरी ककोडी भानेगॉव की जानकारी अच्छी पाई गई ।
- महिला बाल विकास पर्यवेक्षकों द्वारा मासिक रिपोर्ट में पोषण स्वास्थ्य दिवस में आयोजित गतिविधियों का आयोजन, अनौपचारिक शिक्षा स्तर, कुपोषण समीक्षा, आकड़ों की जानकारी, ब्लाकस्तरीय बैठक के लिए मुद्दे निकालने की क्षमता विकसित हुई हैं। जैसे पालडोरी में रोस्टर पर पोषण स्वास्थ्य दिवस नहीं होना ऑगनबाडी केन्द्र में मेडिकल किट नहीं होना।
- ग्रेडिंग करने से प्रत्येक केन्द्रो पर ग्रेडिंग लिखाया गया हैं जिससे केन्द्रों में ऑगनबाडी की कमियों का आकलन हो रहा हैं कमजोर सेक्टर कालीमाटी कारंजा, काकोडी,की पहचान कर पर्यवेक्षक का भ्रमण तय किया जा रहा हैं

विधि प्रदर्शन

स्थानीय आहार को बढावा आगनबाडी केन्द्रो पर आहार किट किचनगार्डन एवं स्तनपान गर्भवस्था नवजात देखभाल पर तकनीकि सत्रो की ऑगनबाडी में क्षमता विकास करना।

विधि प्रदर्शन के माध्यम से पालडोंगरी, बहेला ककोडी लांजी, कालीमाटी सेक्टरो में आहार कीट बनाई गई हैं जिसका उपयोग द्वितीय मंगलवार को अन्नप्राशन दिवस पर किया जा रहा है। जिसमें बेलगॉव में सत्र का उपयोग करने से बच्चो का वजन बड़ा हैं। भानेगॉव 05 ककोडी 12, लांजी 15, पालडोंगरी 19, केन्द्रो पर हुआ हैं । विधि प्रदर्शन के परिणाम स्वरूप लोडामा घोटी बारीकर्ता पालडोंगरी जैतवारा कोचेवाही टेडवा में किचन गार्डन बनाकर स्थानिय हरी सब्जियों को हितग्राही को भेट किया जा रहा हैं द्वितिय मंगल को विधि प्रदर्शन का आयोजन एवं तकनीकि जानकारी का स्तर आगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में बड़ा हैं । जिसमें मात्रा, गुणवत्ता, बारम्बारता, के आधार ऊपरी आहार की समझ बनाई गई हैं ।

तनपान सप्ताह का आयोजन

अगस्त माह में विश्व स्तनपान कार्ययोजन सप्ताह मनाया गया हैं एवं दलवार , सेक्टर पर स्तनपान सप्ताह मनाया गया जिसमें स्तनपान कराने का तरीका को कार्यकर्ता द्वारा रोलप्ले कर बताया गया जिसमें इससे होने वाले बच्चो एवं मॉ को फायदो के द्वारा हितग्राही को बताया गया जिसमें ककोडी भानेगॉव मोहझरी टेकारी देवरबेली कुम्हारीखुर्द दुल्लापुर पाथरगॉव में देखा गया एवं साथ ही नई आगनबाडी कार्यकर्ताओं ज्ञान स्तर पर समझ बनी ।

महिला जागृति

महिला जागृति अनुसार हितग्राही में व्यवहार परिवर्तन के साथ स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी नारी शक्तिकरण एवं कुपोषण पर पंचायत की भागीदारी को जोडते हुए पंचायत की उपस्थिति सुनिश्चित कर प्रचार–प्रसार हेतु किया गया जिसमें प्रश्न मंच द्वारा प्रश्नोत्तरी किशोरी शक्ति को बढावा दिया गया ।

समुदाय बाल विकास चार्ट अनुसार कुपोषण पर बच्चो का वजन आंका गया एवं कुपोषण की समझ हितग्राही को बनायी गई एवं पंचायत द्वारा देवलगॉव में एक बच्चो को गोदनामा दिया गया हैं

मुस्कान शिविर

मुस्कान शिविर के माध्यम से व्यवहारो की हितग्राही पर अवलोकन एवं 17 व्यवहारो प्रचार किया जाना साथ ही विधि प्रदर्शन कर उपरी आहार को बढाा दिया गया जिससे मंगल दिवस पर अनुप्राशन में गुणवत्ता देखी गई ।

पंचायत बैठक वार्ड सभा ग्रामसभा :

- पंचायत सदस्य द्वारा अनौपचारिक बच्चों की उपस्थिति बढाना जो मोहारा मोहेझरी, दुल्लापुर कटंगी, में वार्ड सभा के आयोजन के पश्चात संभव हो सका।
- ऑगनबाडी सेवाओं की समीक्षा पंचायत बैठकों में देखी गई हैं जैसे देवलगॉव, दुल्लापुर, अमेड़ा, मनेरी, देवरबेली आदि।
- पंचायत बैठकों एवं ग्राम में समीक्षा होने से केन्द्रों का संचालन अच्छा हो रहा हैं सेवाओं की कमीयों पर देवरबेली, कारंजा, वारी में पंचायत सदस्यो द्वारा बी.एम.ओ. को सूचित किया गया है।
- ग्रामसभाओं में उपरी आहार नवजात की समुदाय आधारित देखभाल पर समुदाय को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

विकासखंड समन्वयक के कार्यानुभव

ऑगनबाडी केन्द्र भ्रमण	जुलाई	अगस्त	सितम्बर	कुल
	09	09	04	22

- तीन माह में 22 केन्द्रों पर भ्रमण किया गया जिसमें एन.एच.डी. का स्तर 13 केन्द्रों पर अच्छा पाया गया जिसमें स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा पेट की जॉच बी.पी मशीन का नियमित उपयोग किया जा रहा था जिसमें वजन ऊॅचाई एवं गोद भराई का आयोजन एवं प्रसव योजना देखनी को मिली ।
- भ्रमण दौरान देखा गया कि 11 आगनबाड़ी में केन्द्रों का संचालन सही समय पर हो रहा था जिसमें 07 केन्द्रों संचार सामग्री का स्तर अच्छा देखा गया तथा जीवन की आशा का प्रयोग नवाचारों में किया जा रहा था जिसमें दुल्हापुर, टेकरी चिखली, भानपुर, ककोडी, बडगॉव, सहेकी में देखा गया जिसमें नवजात को गर्म रखना तुरन्त वजन करना व्यवहार देखने को मिला ।

- कुछ केन्द्र संयुक्त ग्रहभेट नहीं हो रही थी जिस पर पंचायतों को बताया गया एवं भ्रमण अनुभव को चिकित्सा अधिकारी को सूचित किया गया अमेडा भण्डेरी ऑगनबाडी केन्द्र भ्रमण के दौरान पंचों की उपस्थिति एवं केन्द्र के संचालन में मदद् देखी गई ।
- भ्रमण दौरान 7 केन्द्रो में महिला पंच प्रतिनिधियों का सहयोग देखने को मिला जैसे मंगल दिवसों में उपस्थिति, डोरली लोडमा, एवं बिसोनी केन्द्रो में मातृ सहयोगनी समिति के सदस्यों द्वारा ग्रहभेट किया जाता हैं ।
- 3 केन्द्रो पर प्रयवेक्षक द्वारा भ्रमण में प्रपत्र का उपयोग किया एवं इनके माध्यम सेक्टर बैठको में समीक्षा कर सुधार हेतु सुझाव दिये गये जिसमें ग्रहभेट एवं मंगल दिवस पर गुणवत्ता बढाई गई (भानेगॉव ककोडी कालीमाटी)

भ्रमण अनुभव : (उत्तरप्रदेश टीम)

- उत्तरप्रदेश टीम द्वारा बालाघाट ब्लाक बोदा, टेकाड़ी, भ्रमण किया गया जिसमें निम्न अनुभव देखे गये ।
- केन्द्रों की साज सज्जा बहुत अच्छी लगी एवं संचालन को विशेष प्राथमिकता दी गई महत्वपूर्ण ग्रहभेट पंजी मंगल पंजी द्वारा गोदभराई, एवं ग्रहभेट पर टीम द्वारा ग्रहभेट भी किया गया।
- हितग्राही में व्यवहारो की स्थिति का आकलन ग्रहभेट के अन्तर्गत देखा गया जिसमें बहुत समुदाय में जानकारी देखी गई ।
- टीम द्वारा दोनो विभागो का समन्वय एवं एक साथ कार्यक्रमो, संयुक्त ग्रहभेट, पंचायत विभाग द्वारा जुडाव को भी देखा गया ।
- ब्लाक स्तर जिला स्तर केन्द्र स्तर पर बालाघाट टीम को अच्छी पहुच एवं पहचान देखी गई ।

चुनौतियॉ

- पहुँचविहीन क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की प्राप्ति नहीं होना।
- परियोजना अधिकारी/खण्ड चिकित्सा अधिकारी के द्वारा गुणवत्तापूर्ण भ्रमण नहीं करना एवं सेक्टर बैठकों में ना जाना।
- कैच राउण्ड में मानिटरिंग का न होना।
- सतत कार्य योजना अनुसार महत्वपूर्ण ग्रहभेट नही होना।
- बैठको के माध्यम से आकडों की समीक्षा .सी.डी.पी.ओ. बी.एम.ओ. द्वारा लगातार नहीं किया जाना
- सचिव बैठकों में महिला बाल विकास./स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपस्थित होकर शोषण स्वास्थ्य मुद्दों को नही जोडना।
- वेक्सीन मांग पत्र सही नहीं बनाया जाना।
- सेक्टर बैठकों में सुपरवाईजर द्वारा उपस्थिति नहीं देना (लांजी सेक्टर)
- सेक्टर स्तर ब्लाक स्तर पर कुपोषण समीक्षा नहीं किया जाना।
- पंचायत विभाग द्वारा समन्वय बनाने एवं सचिव बैठको में समय न मिलना पोषण स्वास्थ्य मुद्दों पर ध्यान नही दिया जाना।
- विभागीय स्तर आई.सी.डी.एस./हेल्थ/पी.आर.आई. के साथ काम करना एवं मुख्य रूप से पी.आर.आई. को जोडना ।
- महिला बाल विकास द्वारा नियमित खण्ड स्तरीय बैठक में उपस्थित नहीं होना।

प्रशासनिक निर्देश – प्रभाव

- केयर द्वारा एन.एच.आर.एम. के सहयोग से संयुक्त खण्ड स्तरीय बैठक का करवाने के लिए सी.एम.एच.ओ. द्वारा पत्र निकलने से प्रत्येक ब्लाको में तिथि तय की गई एवं डी.पी.ओ. द्वारा भी सहमती दी गई।
- कलेक्टर महोदय, द्वारा खण्ड स्तरीय बैठक की कार्ययोजना तैयार किया जिसमें ब्लाक के दण्डाधिकारी एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी व परियोजना अधिकारी मुख्यकार्यपालन अधिकारी को नियमित बैठक आयोजित कर चर्चा हेतु

निर्देश दिया गया एवं जिला स्तर पर स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिला अधिकारी द्वारा इसकी समीक्षा की जा रही हैं।

- परियोजना अधिकारी को ब्लाक चेक लिस्ट अनुसार भ्रमण करने के लिए भ्रमण में गुणवत्ता लाने जिला परियोजना अधिकारी द्वारा पत्र दिया गया जिसमें केन्द्र संचालन में सुधार दिखाई दिया ।
- महिला बाल विकास समीक्षा पत्रक रिपोर्ट में ब्लाक एवं सेक्टर स्तर पर जानकारी मंगवाई गई जिसकी समीक्षा जिला स्तरीय समीक्षा बैठक पर्यवेक्षक की रिपोर्टिंग क्षमता विकास हुआ ।
- समस्त परियोजना अधिकारी को पत्र के माध्यम से सेक्टर बैठक, भ्रमण एवं आगनबाडी की क्षमता वृद्धि बढ़ाने निर्देश दिये गये ।

Feeding Demonstration



बालाघाट जिले का विकासखंड बालाघाट जहॉ सितंबर 2008 तक सतत कार्य किया गया।

विकासखंड समन्वयक : शोभना नामदेव

विकासखंड बालाघाट

सेक्टर बैठक : अनुभव

सेक्टर बैठक में यह कार्ययोजना प्रतिमाह बनाने में चर्चा की जाती हैं मिटिंग में सेक्टर टूल्स भरा जाता हैं पोषण एव स्वास्थ्य के 10 बिन्दूओं पर चर्चा की जाती हैं तथा रोलप्ले के माध्यम से कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा किया जाता हैं इस मिटिंग में आगनबाडी केन्द्र एवं हेल्थ विभाग के सुपरवाईजर तथा उपस्थिति होते हैं जिसमें दोनो विभाग में किये गये कार्यो की समीक्षा की जाती हैं तथा सत्रो का आयोजन किया जाता हैं। आगनबाडी केन्द्र पर मिल रही सुविधा स्वास्थ्य से संबंधित पोषण से संबंधित हितग्राहियों तक पहुच रही हैं या नही हितग्राहियों को लेकर जो समस्या (स्वास्थ्य व पोषण से संबंधित दोनो विभागों से उतना निराकरण इस बैठक के माध्यम से होता हैं रिकार्डों को चैक किया जाता हैं कार्यकर्ता व स्वास्थ्य कार्यकर्ता को मांग पत्र देती हैं जिसमें आने वाले माह के टिकाकरण में लक्ष्य होते हैं । उसके अनुसार वेक्सीन उपलब्ध होता हैं कार्यकर्ता व स्वास्थ्य कार्यकर्ता दोनो के टिकाकरण रजिस्टर में हस्ताक्षर करते हैं।

विकासखंड के 7 सेक्टरो में एन.एच.डी. हो रहा हैं सभी एक ही छत के नीचे हितग्राहियों को स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सुविधा मिलना 7 सेक्टरो में एन.एच.डी हो रही हैं जुलाई माह में 20 केन्द्रो पर एन.एच.डी. नही हो पाया था जिसमें भरवेली सेक्टर 6 केन्द्र पर नही हुआ भरवेली 2,3,4,6 भानेगॉव सुरवाही, अमेडा में नही हुआ पर इस माह में पूर्ण हो जायेगा जिसमें हितग्राहियों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएँ दी जा रही जैसे गर्भवती महिला को आयरन बी.पी. उंचाई वनज इत्यादि लिया जाता हैं और पोषण संबंधी सेवाएँ भी दी जाती हैं धात्री को भी समस्त सेवाएँ आयरन बच्चो का टीका इत्यादि दी जाती हैं । अपहुचहीन क्षेत्रो में भी टिकाकरण किया जा रहा है। तथा स्वास्थ्य सेवाएँ भी दी जा रही हैं ।

- सेक्टर में वेक्सीन पर्याप्त मात्रा में पहुच रहा हैं ।
- जानकारी की उपलब्धता ऑगनबाडी कार्यकर्ता आशा, स्वास्थ्य कार्यकर्ता को समय समय पर मिल रही पोषण स्वास्थ्य की जानकारी ।
- ग्रहभेट पर विशेष प्रयास किया गया जैसे परिवार के सदस्यों के सामने दिये जाने पर परिणाम सामने आते हैं
- 7 सेक्टरो में से 4 सेक्टरो में प्रपत्र की जगह रजिस्टर मे जानकारी लिखी जाती हैं ।
- 7 सेक्टरो में आहार किट का प्रदर्शन हो रहा हैं ।
- सेक्टर मिटिंग में रिकार्ड की जॉच की जाती हैं ।
- आगनबाडी विभाग में पर्यवेक्षक दोनो अपने अपने कार्यो की समीक्षा करते हैं जिससे स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा किये गये कार्यो की कमीयों को लेकर भी चर्चा की जाती हैं ।
- सेक्टर मिटिंग मे कार्यकर्ता के रिकार्ड देखा जाता है। जैसे टीकाकरण : टीकाकरण पूर्ण हुआ या नही और माह के लिए लक्ष्य निकला या नही आने वाली मांगपत्र भरा गया या नही ।

आगनबाडी केन्द्र अनुभव

- बालाघाट ब्लाक में 7 सेक्टरो केन्द्रों पर व्यवहार रिकार्ड अनौपचारिक शिक्षा समुदाय के लोगों से चर्चा कर व्यवहार की जानकारी ली गई ।
